बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

पत्रांक–प्र0 / BSPTCL–09 / 2026 – /पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हक),
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– **बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के अंतर्गत 132 / 33 के०वी० ग्रिड उपकेन्द्र तारापुर को दूसरा स्वतंत्र ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराने हेतु 01 अद्द 132 के0वी0 डबल सर्किट नये संचरण लाईन एवं संबंधित 04 अद्द लाईन 'बे' के निर्माण करने के लिए कुल 51.07 करोड़ (इक्यावन करोड़ सात लाख) रूपये की नयी योजना की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में 40.00 करोड़ (चालीस करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

आदेश–स्वीकृत।

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के अंतर्गत वर्तमान में 132 / 33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र तारापुर को 132 के0वी0 सुल्तानगंज–तारापुर– जमालपुर LILO डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाईन के माध्यम से ग्रिड उपकेन्द्र सुल्तानगंज एवं ग्रिड उपकेन्द्र जमालपुर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। दोनों स्रोत LILO खंड में समान ट्रांसमिशन टावरों से होकर गुजरते हैं, जिसके कारण उक्त खंड में किसी भी टावर की क्षति होने की स्थिति में दोनों स्रोत एक साथ बाधित हो जायेगा तथा ग्रिड उपकेन्द्र तारापुर की विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित हो जायेगी। जिससे आस–पास के क्षेत्रों को भी विद्युत आपूर्ति बाधित होगी।

2. उक्त ग्रिड उपकेन्द्र से निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु दूसरा ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराने के लिए 01 अद्द 132 के0वी0 डबल सर्किट नये संचरण लाईन एवं संबंधित 04 अद्द लाईन 'बे' के निर्माण की आवश्यकता है। इस डबल सर्किट के निर्माण के पश्चात् तारापुर एवं आस–पास के क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

3. अतएव बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के अंतर्गत 132 / 33 के०वी० ग्रिड उपकेन्द्र तारापुर को दूसरा स्वतंत्र ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराने हेतु 01 अद्द 132 के0वी0 डबल सर्किट नये संचरण लाईन एवं संबंधित 04 अद्द लाईन 'बे' के निर्माण हेतु नयी योजना तैयार की गयी है, जिसकी कुल अनुमानित लागत 51.07 करोड़ (इक्यावन करोड़ सात लाख) रूपये आकलित की गयी है।

4. उक्त आलोक में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के अंतर्गत 132 / 33 के०वी० ग्रिड उपकेन्द्र तारापुर को दूसरा स्वतंत्र ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराने हेतु 01 अद्द 132 के0वी0 डबल सर्किट नये संचरण लाईन एवं संबंधित 04 अद्द लाईन 'बे' के निर्माण करने के लिए कुल 51.07 करोड़ (इक्यावन करोड़ सात लाख) रूपये की नयी योजना की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में 40.00 करोड़ (चालीस करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5. उक्त राशि माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघु शीर्ष–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0105–बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4801051900105 विषय शीर्ष 5401–निवेश के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

6. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी0एल0 खाता–PTSPLA014) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0044–बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0, व्यय शीर्ष–L8448001200044 एवं प्राप्तियाँ–K–8448001200044 में जमा की जाएगी।

7. बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए CFMS खाता संख्या–PTSPLA014 से की जाएगी।

8. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–7355 दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इसमें महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

9. उक्त प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र0 / BSPTCL–09 / 2026 के पृष्ठ संख्या–20 / टि0 पर दिनांक–12.10.2026 को प्राप्त है।

10. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र0 / BSPTCL–09 / 2026 के पृष्ठ संख्या–22 / टि0 पर दिनांक–13.10.2026 को प्राप्त है।

11. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह0 / –
(सुधा गुप्ता)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0 / BSPTCL–09 / 2026– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार(लेखा परीक्षा), बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0 / BSPTCL–09 / 2026– 5278 /पटना, दिनांक– 22.10.2026

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा / प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना / अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना / बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना / लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना / अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 / प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 एवं आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.10.2026
सरकार के संयुक्त सचिव।